ई0—मेल :— eecdpratapgarh@rediffmail.com

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
# खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),

म0नं0— 596, रामजीपुरम्, देवकली, सरोज तिराहा, रूपापुर रोड, प्रतापगढ़—230001

पत्रांकः— 3917 / एम-12 / 74 दिनांकः— 24-08-2026

सेवा में,

मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण),
उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण),
लखनऊ।

विषयः— ई—समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में दिनांक— 14.08.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जलजीवन मिशन शीतलागंज बाजार में सीसी रोड तोड़ी गई: बोरिंग के पानी से फिसलन, गड्ढों से बढ़ रहे हादसे" की आख्या के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक हिन्दी ई—समाचार पत्र दैनिक भाष्कर में दिनांक— 14.08.2026 को प्रकाशित शीर्षक "जलजीवन मिशन शीतलागंज बाजार में सीसी रोड तोड़ी गई: बोरिंग के पानी से फिसलन, गड्ढों से बढ़ रहे हादसे" के सम्बन्ध में आख्या निर्धारित प्रारूप पर संलग्न कर प्रेषित है।

सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

संलग्नक— उपरोक्तानुसार।

भवदीय

Digitally signed by
TAUSEEF AHMAD
अधिशासी अभियन्ता
Date: 24-08-2026
15:35:39

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरि।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— जिलाधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
2— अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, लखनऊ।
3— मुख्य विकास अधिकारी महोदय, प्रतापगढ़।
4— निजी सचिव, प्रबन्ध निदेशक महोदय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
5— मुख्य अभियन्ता (कानपुर क्षेत्र), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), कानपुर।
6— अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रयागराज।
7— जिला सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, प्रतापगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with OKEN Scanner

# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), प्रतापगढ़।


## ई–समाचार पत्र में प्रकाशित खबर का विवरण एवं अद्यतन आख्या


| क्र0 सं0 | जनपद का नाम | समाचार पत्र एवं दिनांक | प्रकाशित शीर्षक | आख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | प्रतापगढ़ | ई–दैनिक समाचार पत्र दैनिक भाष्कर एवं दिनांक– 14.08.2026 | जलजीवन मिशन शीतलागंज बाजार में सीसी रोड तोड़ी गईः बोरिंग के पानी से फिसलन, गड्ढों से बढ़ रहे हाइसे | जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत सूचीबद्ध फर्म मेसर्स पावरमेक प्रोजेक्ट लि0, हैदराबाद द्वारा विकास खण्ड– बाबा बेलखरनाथ धाम में करनपुर खूझी पेयजल योजना निर्मित की जा रही है। उक्त पेयजल योजना पर नलकूप बोरिंग– 100 प्रतिशत, पम्प हाउस– 100 प्रतिशत, बाउण्ड्रीवाल– 100 प्रतिशत, शिरोपरि जलाशय– 100 प्रतिशत, वितरण प्रणाली– 90 प्रतिशत एवं गृह संयोजन– 70 प्रतिशत का कार्य पूर्ण है। वर्तमान में शीतलागंज बाजार में शेष पाइप लाइन बिछाने एवं गृह संयोजन का कार्य प्रगति पर है, जिसके उपरान्त सड़क को पुर्नस्थापित/मोटरेबुल करा दिया गया है। पेयजल योजना से जलापूर्ति की जा रही है।<br>**संलग्नक– फोटोग्राफ।** | – |

JE.

AE.

अधिशासी अभियन्ता


Latitude: 25.914382
Longitude: 82.093798
Elevation: 96.07±5.71 m
Accuracy: 12.08 m
Time: 23-08-2026 15:37:55
Note: Ok
NoteCam @ iOS


Latitude: 25.914282
Longitude: 82.094000
Elevation: 94.90±3.00 m
Accuracy: 3.54 m
Time: 23-08-2026 15:36:49
Note: Ok
NoteCam @ iOS

Hindi NewsLocalUttar PradeshPratapgarhBelkharnathdhamSheetalganj Bazar Road Accident | Jal Jeevan Mission Pipeline Work Risks

# जलजीवन मिशनशीतलागंज बाजार में सीसी रोड तोड़ी गई: बोरिंग के पानी से फिसलन, गड्ढों से बढ़ रहे हादसे

शिवाकान्त पाण्डेय |
बेलखरनाथ धाम(प्रतापगढ़),
प्रतापगढ़
10 दिन पहले



बाबा बेलखरनाथ धाम क्षेत्र के शीतलागंज बाजार में जल जीवन मिशन के तहत चल रहे कार्य स्थानीय निवासियों और व्यापारियों के लिए परेशानी का सबब बन गए हैं। पाइपलाइन बिछाने के दौरान कार्यदाई संस्था की लापरवाही से सीसी सीमेंट कंक्रीट सड़क को जगह-जगह से तोड़ दिया गया है।

लगभग 100 मीटर के दायरे में सड़क को क्षतिग्रस्त किया गया है। इसके अलावा, बोरिंग के दौरान निकलने वाला पानी सीधे सड़क पर बहाया जा रहा है, जिससे पूरे बाजार मार्ग पर अत्यधिक फिसलन और कीचड़ की स्थिति उत्पन्न हो गई है।

शीतलागंज बाजार में आसपास के गांवों के लोगों के साथ-साथ धाम में आने वाले श्रद्धालुओं का भी भारी आवागमन रहता है। सड़क पर फैली फिसलन के कारण दोपहिया वाहन सवार लगातार फिसलकर चोटिल हो रहे हैं, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

व्यापारियों का आरोप है कि ठेकेदार और विभागीय अधिकारियों की मिलीभगत से मनमाने ढंग से काम किया जा रहा है। सड़क तोड़ने के बाद न तो उसे समतल किया गया और न ही बोरिंग के पानी के निकास का कोई उचित प्रबंध किया गया। व्यापार मंडल शीतलागंज के अध्यक्ष राजकुमार जायसवाल, राजेश कुमार जायसवाल, प्रदीप कुमार, अकबर अंसारी, नितिन कुमार, रमेश चौरसिया, सुनील कुमार, मनोज कुमार जायसवाल और बीडीसी नसीम अंसारी ने इस स्थिति पर गहरा आक्रोश व्यक्त किया है।

इस संबंध में जल निगम के जेई आदर्श पांडेय ने बताया कि बोरिंग के दौरान कीचड़युक्त पानी सड़क पर न बहे, इसके लिए ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।







**दैनिक भास्कर को Google पर पसंदीदा सोर्स बनाएं**
**➔**